श्री राम मूर्ति स्मारक
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली
(श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट, बरेली द्वारा संचालित)

Chief Patron	*Patron*	*Patron*	*Organizing Chairperson*	*Co-organizing Chairperson*	*Organizing Secretary*
Shri Dev Murti	**Dr. R.C. Purohit**	**Mr. Aditya Murti**	**Dr. Juhi Saran**	**Dr. Richa Chandra**	**Dr. Mahesh Kashpay**
Chairman	Principal	Director Administration	SRMS-IMS	SRMS-IMS	SRMS-IMS
SRMS-IMS	SRMS-IMS	SRMS-IMS			

Pain Management
(Life begins when pain ends)

CME & Hands on Workshop

प्रेस विज्ञप्ति

26.03.2017

सेवा में,

सम्पादक महोदय,

....

महोदय,

आज **दिनांक 26 मार्च 2017** को राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेंज, भोजीपुरा, बरेली के **Department of Anaesthesiology & Pain Management** के **द्वारा एक CME & Hands on Cadaveric Workshop** पर एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पेन फिजिशियन द्वारा उपरोक्त विषयों पर अपने महत्वपूर्ण व्याख्यान एवं प्रशिक्षण प्रदान किये गये। हमारी संस्थान में लगभग 3 माह पूर्व एक पेन क्लीनिक अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त शुरू किया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन श्री देव मूर्ति जी, प्रशासनिक निदेशक श्री आदित्य मूर्ति जी, प्राचार्य प्रो0 डा0 आर0सी0 पुरोहित, आयोजन अध्यक्षा डा0 जूही सरन एवं आयोजन सचिव डा0 महेश कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन श्री देव मूर्ति जी ने देश के विभिन्न संस्थानों से आये चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संस्थान का हमेशा से यह प्रयास रहता है कि चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम ज्ञान का लाभ संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रहे समस्त मेडिकल के छात्रों को मिले तथा इसके लिए उन्हेंाने अपना सदैव सहयोग बनाये रखने का आश्वासन भी दिया।

कार्यशाला का प्रारम्भ संस्थान की वरिष्ठ एनिस्थिसियोलॉजिस्ट एवं सह–आयोजन अध्यक्षा द्वारा किया गया। उन्होंने पेन मैनेजमेंट के बारे में बताया कि दर्द के कई कारण हो सकते हैं तथा इसके कई संभावित उपचार भी हैं परन्तु दर्द का सही उपचार के लिए दर्द की मुख्य जड़ तक पहुंचना महत्वपूर्ण है तभी इसका वास्तविक एवं सटीक इलाज संभव हो सकता है।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मेंदातां, गुड़गांव से आये डा0 राज कुमार ने स्लिप डिस्क के प्रबन्धन एवं निदान के बारें में अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये उन्हेंाने इससे उत्पन्न होने वाली परेशानियों की गहन जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि किसी भी बीमारी का इलाज के लिए बीमारी की मूल जड़ तक पहुंचकर ही इलाज संभव हो सकता है।

आर्टिमिस हास्पिटल, गुडगांव से आये डा0 रजत गुप्ता ने जोड़ों के दर्द का निदान एवं प्रबन्धन विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए अवगत कराया कि जोड़ों के दर्द की समस्या एक उम्र के बाद आम समस्या बन जाती है, इसके लिए उन्होंने इसकी रोकथाम के लिए कुछ महत्वपूर्ण नियमित व्यायाम एवं खानपान में महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में बताया।

गुडगांव से ही आये डा0 आशु जैन ने Coeliac Plexus Block के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि बताया कि किसी भी दर्द में दर्द निवारक दवाईयों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए क्योंकि इसके कई घातक परिणाम हो सकते हैं तथा कई अन्य बीमारियां हो सकती हैं।

नई दिल्ली से अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पेन फिजिशयन डा0 मनीष राज ने सुपीरियर हाइप्रोगेस्ट्रीक ब्लाक के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कभी कभी दर्द का कारण गैस भी हो सकता है अतः चिकित्सक की परामर्श के उपरान्त ही दवा का सेवन करना चाहिए।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 150 से अधिक चिकित्सकों के अतिरिक्त पी0जी0 छात्रों ने भाग लिया।

कार्य कार्यशाला एवं Cadaveric Workshop & Hands on को कोर्स कोआर्डिनेटर डा0 चेतन कुमार द्वारा संचालित किया गया तथा अन्त में सह–आयोजक चेयरपर्सन डा0 ऋचा चन्द्रा द्वारा इस इस प्रशिक्षण कार्यशाला को सफल बनाने में बाहर से आये सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं युवा चिकित्सकों के साथ–साथ संस्थान के चेयरमैन श्री देव मूर्ति जी एवं निदेशक प्रशासन श्री आदित्य मूर्ति जी को धन्यवाद दिया गया साथ ही समस्त मीडिया कर्मियों को इस कार्यशाला की कवरेज एवं अपने सम्मानित समाचार पत्रों में प्रकाशन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही विभाग के समस्त फैकल्टी, चिकित्सको, पी0जी0 छात्रों के साथ साथ संस्थान के समस्त समस्त कर्मचारियों को इस कार्यशाला को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए भी अपना आभार व्यक्त किया तथा आगे भी इसी प्रकार के सहयोग की आशा के साथ कार्यशाला का समापन किया गया।

(मीडिया प्रभारी)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :–
डा0 महेश कश्यप
मोबाईल – 9458701579